हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शनिवार, 31 मई 2025

# गडकरी की लिखित पुस्तक 'संघ में लोगों का प्रबंधन' का विमोचन

## गडकरी ने सरल शब्दों में संघ की कार्यपद्धति व्यक्त की

**नागपुर.**

जब हमारे अंदर अच्छे गुण भरे जाते हैं, तो अक्सर हमें उस समय उनके महत्व का एहसास नहीं होता। लेकिन जीवन की यात्रा में आगे बढ़ने के बाद हमें उन गुणों का एहसास होता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय जनसंपर्क प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि नितिन गडकरी ने पुस्तक के माध्यम से बहुत ही सरल शब्दों में आरएसएस के गुणों और कार्यपद्धति का वर्णन किया है। गडकरी की लिखित पुस्तक 'संघ में लोगों का प्रबंधन' का (शुक्रवार, 30 मई) को राजहंस प्रकाशन की ओर से विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुनील आंबेकर उपस्थित थे।

वनमती हॉल, नागपुर में आयोजित 'संघ में लोगों का प्रबंधन' पुस्तक विमोचन समारोह में वरिष्ठ संपादक और विचारक विवेक घलसासी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच पर नरेश सब्जीवाले सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। पुस्तक निर्माण में योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया, जिनमें लक्ष्मणराव जोशी, सुधीर पाठक, अनिल सोले, उपेंद्र कोठेकर, धनंजय बापट, राजेंद्र क्षीरसागर, शैलेश पांडे, और आशुतोष अडोनी शामिल थे। सुनील आंबेकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, उसके मूल प्रेरणा स्रोत और



सौ वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "संघ के स्वयंसेवक नितिन गडकरी ने अपने अनुभवों को पुस्तक में सरलता से प्रस्तुत किया है। यह सहजता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है, जो समाज में सकारात्मक प्रभाव छोड़ती है।"

विवेक घालससी ने कहा, 'नितिन गडकरी में संस्कार और विद्यार्थी परिषद के संस्कार हैं, यह एक पहलू है। लेकिन उनकी मां स्वर्गीय भानुताई के संस्कार भी उतना ही बड़ा हिस्सा हैं। यह अहसास दिलाए बिना काम करते रहना बहुत चुनौतीपूर्ण है कि हम कुछ अलौकिक कर रहे हैं और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि नितिन गडकरी ने इस चुनौती को आसानी से पूरा किया है।' कार्यक्रम का संचालन आशुतोष अडोनी ने किया। अमर कुलकर्णी ने व्यक्तिगत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राधा ठेंगड़ी द्वारा प्रस्तुत पसायदान से हुआ।

**संघ-विद्यार्थी परिषद और मां से प्रशिक्षण मिला- नितिन गडकरी**

मेरी मां, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विद्यार्थी परिषद ने मेरा जीवन बदल दिया। मैंने उनसे प्रशिक्षण प्राप्त किया। बालासाहब देवरस, भाऊराव देवरस, दत्तोपंत ठेंगड़ी, बाबूराव वैद्य, यशवंतराव केलकर ने मेरे जीवन को प्रभावित किया है। उनके सान्निध्य से मुझे जो अनुभव मिला, वही मेरी प्रेरणा है।

इस पुस्तक में मैंने स्वयंसेवक के रूप में जो अनुभव प्राप्त किया, उसे प्रस्तुत करने का प्रयास किया है, ऐसा गडकरी ने कहा। इस पुस्तक का शब्दांकन शैलेश पांडे ने किया है। गडकरी ने अपने भाषण की शुरुआत में कहा कि पुस्तक के निर्माण का श्रेय शैलेश पांडे को जाता है। गडकरी ने कहा, 'निर्णय लेने का साहस, समाज के प्रति संवेदनशीलता के लिए दृढ़ विश्वास की आवश्यकता होती है और यह मुझे मेरे संस्कारों से मिला है। देश और समाज के लिए कुछ करने की भावना और इच्छाशक्ति मेरे अंदर मेरे संस्कारों से ही पैदा हुई है।'

# एमआईएम ने नेहरु नगर झोन में किया 'धड़क मोर्चे'








**नागपुर.** क्र. 5. नेता शकील पटेल और इसहाक मन्सुरी के नेतृत्व में धडक मोर्चे की दस्तक दी. मोर्चे में मनपा. प्रभाग क्रमांक. 30 ताजआबाद के विविध. समस्याओ की जानकारी मां. सहाय्यक आयुक्त को दि गई. जाहिर तौर पर. मालुम रहे की मनपा प्रभाग 30 में जैसे ताजआबाद बस्ती, औलिया नगर, सिन्दीबन, ठाकुर प्लाट, संतोषी माता नगर. टिचर कॉलोनी डायमंड सोसायटी, नवजिवन सोसायटी, ताज अंम्मा कॉलोनी, सरताज कॉलोनी, याशिन प्लाट, तौहिद नगर, गौसिया कॉलोनी, मंगल प्लांट, निराला सोसायटी, अतकर ले आऊट. ताज कॉलोनी आईस कंपनी क्षेत्र. आझाद कॉलोनी, टेकडा झोपडपट्टी. देहली वाली अंमा दरगाह के सामने और पिछे की झोपडपट्टी. को लेकर विभिन्न प्रकार की समस्या, चाहे सिव्हरेज के नए टाके बनवाने हो और सिव्हरेज टाके का किचड निकालने हो. क्युके आज तक. टाके का गारा किचड. नही निकाला गया.

इसके कारण आए दिन नागरीको को चोकेज का सामना करना पड़ रहा है. नागरीको के घरो में गडर का गंदा पाणी घुस रहा हैं वारम वार नागरीको व्दारा तक्रार करने के बावजूद समस्याओ पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. वैसे प्रशासन के द्वारा पिछले तिन महिनों से अमृत योजना के सिव्हरेज काम आधे अधुरे हुए और सुरु हैं. जगह जगह खड्डे पडे है. उसकी सिसिप्फोरींग नही किया गया. जिसके कारण आए दिन नागरीको को दुर्घटनाओं सामना करना पड़ रहा है. औलिया नगर से ताजआबाद कब्रिस्तान होते हुए. गौसिया कॉलोनी के तरफ बहने वाला नाले की सफाई नही हुई है. जिसके कारण बारिश में नागरीको के घरो में पानी बड़ी मात्रा में घुस जाता है. आए दिन पिणे के पाणी मे गडर लाईन का पाणी आता है. इस वजह से नागरीको मे विविध प्रकार के बिमारीयो से त्रस्त हैं. प्रशासन आंखे बंद कर के सोया नजर आता है. इन गंभिर जानलेवा समस्या की जानकारी निवेदन मार्फत लगातार. मोर्चे पहले. एम आई एम पार्टी ने स्थानीय प्रशासन को दि है. फिर भी गंभिर भिषन समस्याओ का समाधान नहीं निकला गया. प्रशासन गंभिर मसले को लेकर सक्रीय नही है. आगे बारिश का मौसम है. हालात बिगड़ सकते हैं. ऐसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए. मोर्चा निकाला गया. तब जाकर झोनल अधिकारी ने चार दिनों में युद्ध स्तर पर कार्य करने का और समस्याओं का समाधान निकालने का आश्वासन दिया. अगर इन गंभिर समस्याओ पर प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो. मनपा नेहरु नगर झोन पर नागरीको तथा पार्टी मोर्चे के माध्यम से मनपा झोन में 'काम बंद ताला ठोक आंदोलन' किया जाएगा ऐसी चेतावनी. सहाय्यक आयुक्त को मोर्चा ज्ञापन में दि गई. मोर्चे मे सामिल. शकील पटेल, इसहाक मन्सुरी, शोएब अहमद, सोहेल खान, वालिया बरशी, नजमा शेख, शबनम शेख, सैय्यद समिर अली, खादीम अमिन ताजी, इसहाक कुरेशी, अय्युब खान, निसार अली, नुरमोहम्मद. अयास मन्सुरी, इकबाल लालमोहम्मद, सोहेल सत्तार, निसार ताजी, सबदर अमिर, हाजी रियाज़, गफ्फार ताजी, पच्छू ताजी, शेख रहेमान, गुलमोहम्मद, शेख सईद, इमरान ताजी, रफीक गनी, जाबीर अंसारी, मुन्नाभाई, इमरान मन्सुरी, रफीक शेख, मोहम्मद आबिद, सायरा बानो, अफरोज शेख, नाजमा बाजी, शाईस्ता बाजी, पासु भाई, फिरोज इसराइल, राहील अली, जमिल मंडप, शबाना परविन, शाहजहां शानू, शाहजहा परविन, अब्दुल सईद, सै फहीम, शमसुद्दीन ताजी, साजिया परविन, तरतिला परविन, शब्बो बाजी, अन्य भारी संख्या में नागरिक मौजुद थे.

# भीमनगर में हुई महिला की हत्या का पर्दाफाश

## पति ने ही की थी हत्या, पुलिस कर रही तलाश

**नागपुर.**

एमआईडीसी पुलिस थाने के भीमनगर, इसासनी की रहने वाली शीतल मंडपे की संदिग्ध मौत के मामले में चौंकाने वाला मोड़ आया है। अब यह खुलासा हुआ है कि यह मौत नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या थी। मृतका की मां गौतमी चव्हाण की शिकायत पर एमआईडीसी पुलिस ने पति जानसन मंडपे के खिलाफ हत्या के तहत मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसार, 21 मई को शीतल मंडपे (40) अपने घर में अकेली सो रही थीं। अगले दिन 22 मई की सुबह पति जानसन ने परिवार को सूचित किया कि शीतल की मृत्यु हार्ट अटैक से हो गई। जब शीतल की मां, बहन और अन्य रिश्तेदार घर पहुँचे, तो उन्होंने देखा कि मृतका के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटों के निशान और खून के धब्बे थे। मृत शरीर को तुरंत लता मंगेशकर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। इसके बाद शव को एम्स अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। 23 मई को की गई प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चेहरे और सिर पर कई चोटों के निशान की पुष्टि की गई है, हालांकि अंतिम रिपोर्ट अब भी प्रतीक्षित है।

पहले पुलिस ने इस घटना को आकस्मिक मृत्यु मानकर दर्ज किया था, लेकिन शीतल की मां गौतमी चव्हाण ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए अपनी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि जानसन मंडपे अक्सर शीतल को प्रताड़ित करता था, और पिछले कुछ वर्षों से दोनों अलग रह रहे थे।

घटना के दिन शीतल के चेहरे और जबड़े पर चोट के निशान मिले, साथ ही बिस्तर की चादर खून से सनी हुई थी। इसके चलते शवविच्छेदन की मांग की गई, जिससे मामले की गंभीरता उजागर हुई।

पुलिस ने जांच तेज करते हुए पति जानसन मंडपे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। पुलिस उपनिरीक्षक दिलीप थोरवे ने यह मामला दर्ज किया है, और जांच का नेतृत्व एमआईडीसी थाने के प्रभारी गोकुल महाजन कर रहे हैं। इस बीच, जानसन मंडपे घटना के बाद से फरार है। वह नागपुर के जयताला और उज्ज्वलनगर इलाकों में फिजियोथेरेपी सेंटर चलाता था। आशंका है कि अवैध संबंधों के चलते उसने यह अपराध किया हो। पुलिस का कहना है कि जानसन की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# जाफर नगर में विद्युत की आंख मिचौली



**नागपुर.**

भरी गर्मी और ऐन व्यवसाय के समय जाफर नगर के व्यवसायिक क्षेत्र में विद्युत की आंख मिचौली और अंधकार ने लोगों का टेंशन बड़ा दिया । दूसरी ओर इससे व्यवसाय में भी बाधाएं आईं। विद्युत विभाग को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए कि विद्युत की आंख मिचौली से किसी तरह की बाधाएं न खड़ी हों । जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपुर के मीडिया प्रभारी ने कहा कि विभाग को समय रहते दिन में ही उचित मेंटिनेंस कर लेना चाहिए ताकि किसी तरह की समस्याएं न खड़ी हो सकें ।

# पुराने विवाद में दी जान से मारने की धमकी

**नागपुर.** बेलतरोड़ी थाना क्षेत्र में एक पुराने विवाद को लेकर युवक द्वारा चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने की घटना सामने आई है। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी गौरव विजय शेंदुर्णीकर (42), निवासी बेलतरोड़ी, को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से चाकू और उसकी कार भी जब्त की गई है। घटना बुधवार रात लगभग 10.30 बजे की है। मानेवाडा निवासी श्रीकांत रंगनाथ बोडखे (37) अपने दोस्त गजानन कडू के साथ मामा बार के पास खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान गौरव वहां पहुंचा। पुरानी जान-पहचान होने के कारण तीनों बार में शराब पीने चले गए। शराब पीने के दौरान गजानन कडू ने श्रीकांत से कहा कि गौरव पर एक प्लॉट के सौदे को लेकर कुछ रकम बकाया है, जिसे वह चुकता नहीं कर रहा। इसी बात पर गौरव भड़क उठा और दोनों से झगड़ा शुरू हो गया। गाली-गलौज करते हुए वह बाहर गया, अपनी कार से चाकू निकाला और वापस बार में आकर दोनों को चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। घटना से घबराकर श्रीकांत और गजानन वहां से भाग निकले और बेलतरोड़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी गौरव को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से चाकू व कार जब्त कर ली।

# एमडी तस्कर गिरफ्तार, 48 ग्राम एमडी सहित 3 लाख का माल जब्त

**नागपुर.**

गणेशपेठ थानाक्षेत्र में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक एमडी तस्कर को क्राइम ब्रांच ने धरदबोचा। आरोपी के पास से 48 ग्राम एमडी ड्रग्स, एक दोपहिया वाहन सहित कुल 3 लाख 600 रुपये का माल जब्त किया गया है। आरोपी की पहचान अर्पण मनीष गोस्वामी (उम्र 28), निवासी राजूनगर, भंडारा के रूप में हुई है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने राहुल कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड रोड के पास यह कार्रवाई की। पुलिस को खबर मिली थी कि एक युवक दोपहिया वाहन से एमडी बेचने के लिए निकलने वाला है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर दी। जैसे ही संदिग्ध युवक मौके पर पहुंचा, पुलिस ने उसे रोका और तलाशी ली। उसके पास से 42 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। आरोपी को हिरासत में लेकर जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि यह मादक पदार्थ उसे खैबर जाफरी, शादाब पठान और साजदामा (सभी निवासी – फुले कॉलोनी, भंडारा) ने मुंबई से मंगवाकर दिया था, जिसे वह आगे बेचने के लिए ले जा रहा था। क्राइम ब्रांच ने अर्पण के बयान के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल अर्पण को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह गिरोह कितने समय से सक्रिय था और इसके तार किन-किन शहरों से जुड़े हुए हैं। गणेश पेठ पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।



# मुखबिरी के शक में साथी की हत्या मामला, फरार आरोपी टूकटूक गिरफ्तार

**नागपुर.** मुखबिरी के संदेह में हुई अपराधी साथी की हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी अथर्व उर्फ टूकटूक मौर्य को क्राइम ब्रांच यूनिट-5 की टीम ने धरदबोचा है। आरोपी को गिरफ्तार कर यशोधरा नगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। घटना 18 मई की रात की है, जब यशोधरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भिलगांव इलाके में रहने वाले फारूख उर्फ सोनू उर्फ चोटी आमिन शेख (उम्र 27), निवासी वनदेवी नगर, की हत्या कर दी गई थी।

उसकी हत्या उसी के अपराधी मित्र सुनील सारंगपुरे ने अपने साथियों के साथ मिलकर की थी। जानकारी के अनुसार, कुछ समय पहले सोनू ने सुनील की बेल्ट से पिटाई की थी। इस अपमान और मुखबिरी के शक का बदला लेने के लिए सुनील ने यह साजिश रची और सोनू की बेरहमी से हत्या कर दी। इस हत्या मामले में पुलिस अब तक एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन आरोपी टूकटूक मौर्य घटना के बाद से ही फरार था।

# आज 'पुलिस शिकायत निवारण दिन'

**नागपुर.**

नागपुर पुलिस आयुक्तालय की पहल पर शनिवार, 31 मई को शहर के सभी पुलिस थानों में 'शिकायत निवारण दिन' का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्वयं मौजूद रहकर नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे और उनका त्वरित समाधान करेंगे। इस जनउपक्रम का उद्देश्य नागरिकों की लंबित शिकायतों का समाधान करना, पुलिस तंत्र पर लोगों का विश्वास बढ़ाना और जनता तथा प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है।

शहर पुलिस ने नागपुरवासियों से अपील की है कि जिनकी शिकायतें या प्रकरण पुलिस थानों में लम्बित हैं, या जो अपनी भावनाएं पुलिस के समक्ष रखना चाहते हैं, वे आज 31 मई को सुबह 10 बजे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित पुलिस थाने में उपस्थित रहें।

# चंद्रशेखर बावनकुले ने काटोल तालुका में पानंद सड़क का व्यक्तिगत निरीक्षण किया

## > कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं

**नागपुर.**

किसानों को अपने खेतों से बाजार तक सड़क की सख्त जरूरत है ताकि वे समय पर अपनी उपज तक पहुंच सकें। किसानों की इस समस्या को दूर करने के उद्देश्य से, हमने इस योजना के तहत जिले के सभी तेरह तालुकाओं में कुल 649 कार्यों को मंजूरी दी है और इनमें से 491 कार्यों के लिए शुरुआत के आदेश दिए हैं। राजस्व मंत्री और पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने निर्देश दिया कि शुरू किए गए कार्यों को गुणवत्ता के मानदंडों को ध्यान में रखते हुए पूरा किया जाना चाहिए।

पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने काटोल तालुका में नायगांव से खानगांव तक एक किलोमीटर लंबे पानंद मार्ग का व्यक्तिगत निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हमने राज्य के हर किसान को कम से कम कच्ची सड़क उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि किसान बिना किसी विवाद को उठाए खुद आगे आ रहे हैं।





इस योजना के तहत जिले में कुल 649 पाणंद सड़क कार्यों को मंजूरी दी गई है, जिसमें भिवापुर तालुका में 30, हिंगना तालुका में 31, कलमेश्वर तालुका में 27, कामठी तालुका में 55, काटोल तालुका में 58, कुही तालुका में 73, मौदा तालुका में 77, नागपुर तालुका में 43, नरखेड तालुका में 57 शामिल हैं। पारशिवनी तालुका में 23, रामटेक तालुका में 32, सावनेर तालुका में 92 और उमरेड तालुका में 51।

### नरखेड तालुका के बिष्णूर में महाराज स्वाब शिविर का दौरा किया

नरखेड़ तालुका के भिष्णूर में छत्रपति शिवाजी महाराज स्वाब अभियान के तहत चलाए जा रहे शिविर का दौरा किया और नागरिकों से पूछताछ की। इस अवसर पर उनके साथ उपविभागीय अधिकारी पीयूष चिवंडे, तहसीलदार उमेश खोडके, गटविकास अधिकारी नीलेश वानखेड़े सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।इस ग्राम स्तरीय शिविर में 161 नागरिकों को विविध योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

# कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए बायोचार का उपयोग करें : गडकरी

## धापेवाड़ा में बायोचार उत्पादन प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यशाला में साक्षात्कार

**नागपुर.**

बायोचार टिकाऊ और प्राकृतिक कृषि की ओर बढ़ने का एक बेहतरीन तरीका है। बायोचार के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है। मिट्टी में कार्बनिक कार्बन की मात्रा बढ़ती है। पोषक तत्वों और पानी को बनाए रखने में बायोचार की अहम भूमिका होती है। कम निवेश में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए नए प्रयोग करने की तत्काल आवश्यकता है। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने (शुक्रवार) को किसानों से कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए बायोचार का उपयोग करने की अपील की।

धापेवाड़ा स्थित भक्ति फार्म में एग्रोविजन फाउंडेशन ने बायोचार उत्पादन प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कंचन गडकरी थीं। इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञ डॉ. सी. डी. माई, डॉ. ए. मणिकंदन (सीआईसीआर), रामकृष्ण घोड़पागे (पीडीकेवी, अकोला),




डॉ. विजय वाघमारे (सीआईसीआर निदेशक) सहित अनेक विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कार्यशाला में किसानों को मिट्टी में जैविक कार्बन बढ़ाने के महत्व और बायोचार तकनीक की उपयोगिता पर जानकारी दी गई। नितिन गडकरी ने बताया कि कुछ किसानों ने 0.25% से बढ़ाकर 0.80% तक कार्बनिक कार्बन बढ़ाया है, जिससे उन्हें प्रति एकड़ 100 से 110 टन तक गन्ना उत्पादन मिला। कार्यक्रम में आनंदराव राउत, राजीव पोद्दार, रवि बोरटकर, डॉ. दीप वर्मा, डॉ. मुरकुटे समेत कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। किसानों ने जैविक खाद और बायोचार के प्रयोग से बेहतर पैदावार के अनुभव साझा किए।

जिस तरह इंसान को सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत होती है, उसी तरह मिट्टी को जैविक कार्बन की जरूरत होती है। कृषि विशेषज्ञों ने बायोचार को 'काला सोना' कहा है। किसानों को नई तकनीक और प्रयोग करके उत्पादकता बढ़ानी होगी। अगर उनकी उपज की गुणवत्ता अच्छी होगी तो उनके माल को अच्छी कीमत भी मिलेगी। लेकिन यह सब किसानों को अनुभव से सीखना होगा। अगर खेती में नई मशीनरी का इस्तेमाल होगा और उत्पादन बढ़ेगा तो किसानों के लिए निराश होने की कोई वजह नहीं रहेगी। समय के साथ किसानों को खुद ही अपने विकास का रास्ता तलाशना होगा, ऐसा गडकरी ने कहा।

**कृषि उपकरणों का बैंक :** आज जरूरत है कि खेतों में इस्तेमाल होने वाले छोटे-छोटे उपकरणों का बैंक बनाया जाए। अक्सर मजदूर नहीं मिलते। ऐसे में अगर कृषि कार्य में देरी होती है तो बड़ा नुकसान होता है। इसलिए कृषि कार्य को जल्द से जल्द निपटाने के लिए उपकरणों का उपयोग किया जाना चाहिए। बाजार में कई नए उपकरण उपलब्ध हैं। लेकिन अगर इन उपकरणों का बैंक बनाया जाए तो किसानों को भी सुविधा होगी। ऐसा सुझाव गडकरी ने दिया।

**बायोचार क्या है? :**बायोचार फसल अवशेषों को जलाकर तैयार किया जाने वाला चारकोल जैसा पदार्थ है। उपलब्ध धान और तुरही बायोचार बनाने के लिए बेहतरीन बायोमास हैं।

**बायोचार की विशेषताएं :** बायोचार मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करता है, कार्बन बढ़ाता है और प्रदूषण कम करता है। इससे उर्वरकों का उपयोग कम होता है और कृषि उत्पादन बढ़ता है।

CMYK

# पाकिस्तान गई नागपुर की महिला को वापस लाया गया

**> दो जून तक पुलिस हिरासत में भेजा गया**

**नागपुर.**

सुनीता जामगड़े पाकिस्तान कैसे गई? महाराष्ट्र पुलिस को जम्मू-कश्मीर के कारगिल जिले से सूचना मिली थी कि वहां एक 12 वर्षीय लड़का मिला है। सुनीता जामगड़े महाराष्ट्र के नागपुर जिले की निवासी हैं। वह 14 मई को लापता हो गई थीं। महिला सुनीता जामगड़े (43) को बुधवार देर रात नागपुर लाया गया और औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। फिर उसे रात में एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

ज्ञात हो कि सीमा पार करने के बाद महिला को पाकिस्तानी अधिकारियों ने पकड़ लिया। पाकिस्तान रेंजर्स ने उसे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सौंप दिया है और बीएसएफ ने उसे अमृतसर पुलिस को सौंप दिया है। नागपुर पुलिस की



डीसीपी निकेतन कदम



सुनीता जामगड़े

चार सदस्यीय टीम ने अमृतसर पुलिस से सुनीता जामगड़े को हिरासत में लिया। टीम मंगलवार रात उसे ट्रेन से लेकर अमृतसर से दिल्ली गई और बुधवार देर रात नागपुर पहुंची। महाराष्ट्र पुलिस के नागपुर शहर डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (जोन पांच) निकेतन कदम ने बताया कि "सुनीता जामगड़े नाम की महिला के बारे में, जिसका स्थायी पता कपिल नगर पुलिस स्टेशन, संत कबीर नगर में आता है। हमें कारगिल जिले से सूचना मिली कि वहां एक 12 वर्षीय लड़का मिला है और वह इस महिला का बेटा है। लड़के के अनुसार, उसकी माँ या तो पाकिस्तान चली गई है या लापता हो गई है। हमने सूचना का अनुसरण किया और दो दिन पहले, हमें अमृतसर पुलिस से सूचना मिली कि सुनीता जामगड़े को पाक रेंजर्स ने बीएसएफ को सौंप दिया है; बीएसएफ ने महिला को अमृतसर पुलिस को सौंप दिया। नागपुर की पुलिस यहां की उस महिला सुनीता जामगड़े को वापस ले आई है, जो इस महीने की शुरुआत में कारगिल से पाकिस्तान चली गयी थी। महिला को बाद में पड़ोसी देश ने वापस भेज दिया था। उसे शनिवार को अटारी-वाघा सीमा के जरिए पाकिस्तानी अधिकारियों ने वापस भेज दिया था, जिसके बाद पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने सुनीता जामगड़े के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस उपायुक्त (जोन पांच) निकेतन कदम ने कहा, "सुनीता जामगड़े को अमृतसर में दर्ज जीरो प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार किया गया। प्राथमिकी कपिल नगर पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दी गई। पुलिस अधिकारी उससे पाकिस्तान में रहने वाले व्यक्तियों के साथ उसके संबंधों के बारे में पूछताछ करना चाहते हैं, जिनके साथ वह कथित तौर पर कई महीनों से संपर्क में थी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे विशेष रूप से यह पता लगाना चाहते हैं कि उसने जुल्फिकार और पास्टर सहित पाकिस्तानी नागरिकों के साथ किस तरह की जानकारी साझा की है। कपिल नगर थाना क्षेत्र के संत कबीर नगर निवासी सुनीता जामगड़े चार मई को अपने 13 वर्षीय बेटे के साथ नागपुर से निकली थी और कारगिल पहुंची, जहां से वह 14 मई को पाकिस्तान चली गई। पुलिस ने बताया कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार करने से पहले वह कथित तौर पर अपने बेटे को छोड़ गई। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने सीमा पार करने पर महिला को पकड़ लिया था और शनिवार को वाघा सीमा पर आधिकारिक तौर पर भारतीय अधिकारियों को सौंपे जाने तक उसे हिरासत में रखा। प्राप्त जानकारी अनुसार सुनीता जामगड़े नागपुर के एक अस्पताल की पूर्व नर्स हैं और घर-घर जाकर कपड़े बेचती हैं। लापता होने से पहले के हफ्तों में उनमें भावनात्मक तनाव और भ्रम के लक्षण दिखाई दे रहे थे।



## भोई समाज का विद्यार्थी सत्कार, मातृत्व दिन संपन्न

**नागपुर.**

प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी भोई समाज पंच कमेटी के तत्वधान मे भोई कहार केवट निषाद समाज का विद्यार्थी सत्कार व मातृत्व दिन कार्यक्रम दिन रविवार को महर्षी नाथूबाबा धाम निषाद नगरी नागपुर महाराष्ट्र मे मनाया गया।

कार्यक्रम में कुल 80 विद्यार्थीयों का सत्कार किया गया। विशेष कर 10वी व 12 वी के विद्यार्थीयों ने अपनी सफलता से अपने माता पिता व संपूर्ण समाज का नाम रोशन किया। जिसमे 10 वी एस.एस.सी बोर्ड मे इशान अजय गौर ने 95 प्रतिशत, अनमोल जयप्रकाश कहार 93 प्रतिशत, रिद्धी सुनील गौर 92 प्रतिशत, आर्यमान अनिल गौर 88 प्रतिशत, शोर्या सुरज गौर 85.80 प्रतिशत अंशुमल अनिल कहार 84.40 प्रतिशत, वंशिका नितेश नायक 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उसी तरह सी.बी.एस.इ 10 वी बोर्ड मे हिमांशू मनीष नायक 87 प्रतिशत प्राप्त किए। वैसे ही आय.सी.एस.इ 10 वी बोर्ड मे भावेश प्रवीण गौर ने 81 प्रतिशत प्राप्त किए व एच.एस.सी 12 वी बोर्ड मे विवान दिनेश गौर 69.67प्रतिशत, गौरव गोपाल गौर 69.33 प्रतिशत, द्रिष्टी संजय नायक 63प्रतिशत प्राप्त किए। इन सभी विद्यार्थियों को भोई समाज पंच कमेटी ने सम्मानित किया। इसी अवसर पर 10 वी 12वी मे सफल हुए विद्यार्थीयों के माताओं का भी विश्व मातृत्व दिन पर सत्कार किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष स्थान पर भोई समाज पंच कमेटी के पूर्व अध्यक्ष किशोर करतार विराजित थे। कार्यक्रम का संपूर्ण नियोजन व सूत्रसंचालन कमेटी सचिव राहुल गौर ने किया। प्रमुख अतिथी के रूप मे उपाध्यक्ष मोतीलाल गौर, कोषाध्यक्ष मनीष बाथो, कार्यकारणी सदस्य राजेश गौर, अनिल गौर, श्यामलाल गौर कला रामलाल नायक, खुशियाल नायक, सुधीर गौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफलतार्थ सीमा गौर, निर्मला गौर आदि ने कड़ी मेहनत किए। आभार प्रदर्शन कला नायक ने व्यक्त किया।

## रामटेक में एकता फाउंडेशन द्वारा संविधान की सक्षिप्त पुस्तक का विमोचन

**रामटेक.**

एकता फाउंडेशन सामाजिक संगठन के अध्यक्ष डॉ. जय रामटेके एवं सामाजिक कार्यकर्ता अमित अंबादे के विशेष प्रयासों से नि:शुल्क संकलित "संविधान की सक्षिप्त पुस्तक" का भव्य विमोचन रामटेक तहसील कार्यालय एवं रामटेक पुलिस स्टेशन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर रामटेक के उपविभागीय अधिकारी प्रीयेश महाजन, तहसीलदार रमेश कोलपे, तथा रामटेक पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक आसाराम शेटे ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया।

विमोचन कार्यक्रम का आयोजन रामटेक तहसील कार्यालय एवं पुलिस स्टेशन में किया गया, जहां प्रमुख रूप से पर्यटन मित्र चंद्रपाल चौकसे, उप पुलिस निरीक्षक मधुकर सापावार,




प्रफुल रंधई, गोपाल, शरद गीते, स्नेहा डोंगरे, मंगेश सोनटक्के, सहित पुलिस स्टेशन के समस्त कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में एकता फाउंडेशन कोर कमिटी के सदस्य आतिष कटारे, कृष्णा पाटील, अरविंद सांगोडे, प्रियांसू अंबादे, वैभव कोचे, कुणाल वानखेडे, तथा वसीम कुरेशी आदि की भी सक्रिय सहभागिता रही। वक्ताओं ने संविधान की मूल भावना को समझने एवं उसका पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने संविधान के माध्यम से समाज में भाईचारा, समानता और न्याय के मूल्यों को फैलाने की प्रेरणा दी।

इस अद्वितीय और सराहनीय पहल के लिए एकता फाउंडेशन को सभी गणमान्य अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

यह आयोजन सामाजिक समरसता एवं संविधानिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

## चिचोली स्वास्थ्य केंद्र में नर्स दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**खापरखेड़ा.**

चिचोली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सों के अतुलनीय योगदान को सम्मानित करते हुए सांस्कृतिक और प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे यह दिन खास और यादगार बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयश्री पेटकर द्वारा फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और केक काटने के साथ हुई। इसके बाद नर्सों द्वारा शपथ ग्रहण, प्रार्थना गीत और दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर डॉ. दिनानाथ तरार, डॉ. अश्विनी शेरे, औषध निर्माण अधिकारी मोनिका लांजेवार, अश्विनी वानखेडे, महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक भारती नागदेवे, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक धनंजय ढोके, शशिकांत वालदे सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस वर्ष की थीम "हमारी नर्सें, हमारा भविष्य: नर्सों की देखभाल, मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव" के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर हाल ही में स्थानांतरित हुईं आरोग्य सेविका मंजुषा पडवेकर को स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य केंद्र के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित मोहाडीकर, माधुरी उके, भाग्यश्री कुल मथे, सारा बुधे, डाटा एंट्री ऑपरेटर धनश्री रडके और सभी उपकेंद्रों की महिला आरोग्य सेविकाओं — भारती नागदेवे, कविता बोन्द्रे, शुभांगी काकडे, विना वासनिक, तारा नायडू, कविता गजभिये, अश्विनी पावडे, रत्नमाला वासनिक, सारीका काकडे, देवकला पानतावणे, अर्चना नाईक, अर्चना कांबळे, संध्या सिरसाम, सपना मोटघरे, विना पवार, वैशाली लोहकरे — को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया।कार्यक्रम के दौरान नर्सों ने चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयश्री पेटकर, डॉ. तरार और डॉ. शेरे का भी स्नेहपूर्वक सम्मान किया। इस सफल आयोजन में प्रयोगशाला तकनीशियन प्रदीप जांभुळकर, आरोग्य सेवक गौतम खोब्रागडे, शरद पवार, सुशील सहारे, यशवंत घोटेकर, बालपांडे, पाटील और आशा सुपरवाइज़र वैशाली ढोरे, शुभांगी बागडे, पुण्यवाण धोटे, पलाश गोडबोले सहित अन्य स्टाफ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।






### प्रभारी चिकित्सा अधिकारी : डॉ. जयश्री पेटकर

"नर्सें वास्तव में स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ हैं। उनकी सेवा भावना, सहानुभूति, संयम और समर्पण, मरीजों को उपचार जितना ही मानसिक संबल प्रदान करते हैं। वे केवल हमारी सहकर्मी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था का मुख्य स्तंभ हैं। हम उनके प्रति दिल से आभार व्यक्त करते हैं।"

### चिकित्सा अधिकारी – डॉ. दिनानाथ तरार

"जब हम स्वास्थ्य सेवा की बात करते हैं, तो डॉक्टरों के साथ नर्सों को भी उतना ही महत्वपूर्ण माना जाता है। वे सिर्फ इंजेक्शन देना या प्रक्रिया में मदद करना ही नहीं जानतीं, बल्कि वे भय और अनिश्चितता के समय में मरीजों का हौसला बढ़ाती हैं, उनका हाथ थामकर उन्हें विश्वास देती हैं। यही सहानुभूतिपूर्ण शक्ति नर्सिंग को एक अनोखा और महान व्यवसाय बनाती है।"

## ग्रीन जिम के उद्घाटन पर व्यक्त किया आभार



**कामठी.** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, राजस्व मंत्री, और नागपुर जिले के पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे के निर्देश पर, पूर्व नगरसेविका संध्या उज्वल रायबोले की मांग के अनुसार, कामठी नगर परिषद के प्रभाग 15 में ग्रीन जिम स्वीकृत किए गए थे। ज्ञात हो कि कामठी महिला संघ के लिखित निवेदन के अनुसार, मातोश्री रमाई आंबेडकर पार्क, प्रभाग 15 गौतम नगर कामठी में ग्रीन जिम उपकरण कल स्थापित किए गए कामठी महिला संघ और गौतम नगर के सभी नागरिकों की ओर से मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, भाजपा के ज़िला महामंत्री अनिल निधान, ज़िला कोषाध्यक्ष अजयजी अग्रवाल, ज़िलाब कार्यकारिणी सदस्य राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, कामठी शहर अध्यक्ष मंगेश यादव और पूर्व नगरसेविका संध्या उज्वल रायबोले का आभार व्यक्त किया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सावनेर नगर परिषद ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ



**सावनेर.**

स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 एवं माझी वसुंधरा अभियान 6.0 के अंतर्गत सावनेर नगर परिषद द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर विशेष शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस की थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को वैश्विक स्तर पर समाप्त करना" निर्धारित की गई है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, 22 मई से 5 जून 2025 तक जनजागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, दिनांक 30 मई 2025 को सावनेर नगर परिषद कार्यालय में माननीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी किरण बगड़े के मार्गदर्शन में "मेरा पर्यावरण" एवं "प्लास्टिक प्रतिबंध" विषय पर शपथ ली गई। इस कार्यक्रम में नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर देवन कले, देवेंद्र निकोसे, गिरीश मोरे, धीरज देशमुख, पवन वाटकर, आशीष चव्हाण, मधुकर लोही, अभय पगारे सहित नगर परिषद के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। नगर परिषद द्वारा यह संदेश दिया गया कि यदि हम सभी मिलकर पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रतिबद्धता दिखाएं, तो प्लास्टिक प्रदूषण जैसे गंभीर खतरे से निपटना संभव है।

## वीर योद्धाओं को समर्पित आज होगा हनुमान चालीसा पाठ




**कामठी.** आज, शनिवार को श्री निम्बाजी अखाड़ा, हमालपूरा में भारत के वीर योद्धाओं को समर्पित एक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस पाठ का उद्देश्य पहलगाम में हताहत सनातनी बंधुओं को श्रध्दा सुमन अर्पित करने एवं देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे सैनिकों के लिए प्रार्थना करना और उन्हें शक्ति प्रदान करना है। इस सामूहिक पाठ में भाग लेने के लिए, शाम 6 से बजे से मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद नागपुर के मंत्री अमोल ठाकरे प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे। यह पाठ भारत के रक्षकों के लिए राष्ट्र की प्रार्थना है और सभी को इसमें भाग लेने और प्रार्थना करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

## हाईवे पुलिस ने कार से पकड़े 60 लाख रुपये नकद

**> चार युवक हिरासत में**

**सावनेर.**

नागपुर जिले की हाईवे पुलिस ने गुरुवार शाम एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक चार पहिया वाहन से 60 लाख रुपये नकद जब्त किए। यह कार्रवाई नागपुर-भोपाल महामार्ग पर सावनेर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत पड़ने वाले पारडी (हेटी) इलाके में की गई।

पाटनसावंगी कैंप स्थित महामार्ग पुलिस सहायता केंद्र पर तैनात एपीआई सुहासिनी सहस्त्रबुद्धे और उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध चार पहिया वाहन इस मार्ग से गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाया और शाम करीब छह बजे भोपाल से नागपुर की ओर आ रही हैरियर गाड़ी को रोका।

जांच के दौरान पाया गया कि गाड़ी में सवार चारों युवक नशे की हालत में थे और गाड़ी चला रहा चालक शराब के नशे में था। जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें से 60 लाख रुपये नकद बरामद हुए। जैसे ही नकदी पकड़ी गई, सभी युवक अपने मोबाइल फोन से लगातार कॉल करने लगे।

पुलिस ने चारों को हिरासत में लेकर नकद राशि जब्त कर ली। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी युवक भोपाल से निकले थे और छत्तीसगढ़ के रायपुर की ओर जा रहे थे। पूछताछ और आगे की जांच के लिए हाईवे पुलिस ने मामला सावनेर पुलिस को सौंप दिया है। सूत्रों के मुताबिक, हिरासत में लिए गए युवकों ने एक बाहरी राज्य के मुख्यमंत्री और एक प्रसिद्ध प्रवचनकार से संपर्क किया था। इस मामले की जानकारी जिला पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार और उपविभागीय पुलिस अधिकारी अनिल मस्के (सावनेर) को दे दी गई है।

हाईवे चौकी प्रभारी एपीआई सुहासिनी सहस्त्रबुद्धे की सतर्कता और सूझबूझ से यह बड़ी राशि पकड़ी जा सकी। अब यह जांच का विषय है कि इतनी बड़ी रकम किसने दी और किसे पहुंचाई जा रही थी। मामले की गहराई से जांच सावनेर पुलिस द्वारा की जा रही है।







## वाडी में दो दिन में फिर लौटे अतिक्रमण

**प्रशासन की कार्यवाही पर उठे सवाल, स्थायी समाधान की मांग तेज, नागरिकों ने जताई नाराजगी**

**वाडी.**

वाडी नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए 27 मई को की गई बड़ी कार्रवाई महज दो दिनों में ही निष्फल होती नजर आ रही है। नागपुर-अमरावती राष्ट्रीय महामार्ग पर हटाए गए फल, सब्जी और मांस विक्रेताओं के अवैध ठेले एक बार फिर सड़कों पर लौट आए हैं। इससे न केवल प्रशासन की सख्ती पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि लाखों रुपए खर्च कर की गई कार्रवाई पर भी चर्चा शुरू हो गई है।

नगर परिषद के मुख्याधिकारी डॉ. ऋचा धाबर्डे के निर्देश पर और वाडी पुलिस की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई के तहत फुटपाथ और सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया था। यह कोई नई पहल नहीं थी बीते एक दशक में नगर परिषद ने करीब 20 बार ऐसे अभियान चलाए हैं, जिन पर भारी सरकारी खर्च हुआ है। इसके बावजूद हर बार कुछ ही दिनों में अतिक्रमण दोबारा लौट आता है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि जब दो साल पहले उड्डाणपुल का निर्माण शुरू हुआ था, तब भी अतिक्रमण बाधा बना था। अब पुल बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन उसके दोनों किनारों पर बनाए गए सुंदर फुटपाथ एक बार फिर अवैध दुकानों से पट गए हैं। लोगों का कहना है कि ऐसा लगता है मानो फुटपाथ अतिक्रमणकारियों के लिए ही बनाए गए हों। इस बार 27 से 30 मई तक प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का नया अभियान चलाया और यह आश्वासन दिया कि अब दोबारा अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। लेकिन जैसे ही कार्रवाई खत्म हुई, वैसे ही फिर से ठेले व दुकानें लगनी शुरू हो गईं।



नागरिकों ने प्रशासन की कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि यह प्रयास तभी सार्थक हो सकते हैं जब इसका स्थायी समाधान निकाला जाए। बार-बार लाखों रुपए खर्च कर अतिक्रमण हटाना और फिर दोबारा उसी स्थिति में लौट जाना, सरकारी संसाधनों की बर्बादी है। लोगों की मांग है कि अतिक्रमणकारियों पर सख्त जुर्माना लगाया जाए, नियमित निगरानी की जाए और छोटे दुकानदारों के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाए ताकि वे दोबारा अतिक्रमण न करें। यह मामला अब सिर्फ यातायात या सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह जनता के पैसों की सुरक्षा का भी सवाल बन चुका है। यदि प्रशासन इस बार ठोस कदम नहीं उठाता, तो अतिक्रमण विरोधी अभियान केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाएगा।

## पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर त्रिशताब्दी जयंती पर खापरखेड़ा में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**खापरखेड़ा.**

राजमाता पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और जनजागरण हेतु भारतीय जनता पार्टी, खापरखेड़ा मंडल द्वारा 30 मई को श्रीराम दरबार मंदिर, सब्बलनाला, दहेगांव रंगारी रोड पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्रीराम और ज्योतिर्लिंग की पूजा-अर्चना और आरती से हुई। इसके पश्चात भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर चौधरी ने राज्य सरकार की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित जनसमूह को दी। मंडल अध्यक्ष प्रमोद पिंपळे ने राजमाता अहिल्यादेवी होल्कर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रशासनिक कौशल, शिक्षा के क्षेत्र में योगदान, जनकल्याण और सार्वजनिक सुविधाओं के विकास हेतु किए गए कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर भाजपा एवं भाजयुमो के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। प्रमुख उपस्थितियों में प्रमोद पिंपले, किशोर चौधरी, बबलू ठाकुर, आशीष फुटाणे, राम डाखरे, नितिन गोस्वामी, कमलेश भास्कर, कृष्णा यादव, अभय मिश्रा, जय तिवारी, वीरेंद्र भारद्वाज, सुर्यकांत सिंह, प्रविण बोबडे, राहुल चचाने, डब्बू सिंह, कुणाल पाटिल, गंगाधर वारकर, संदीप मस्कर, मंथन पांडे, स्वराज बडोले, अश्विन शेंडे, समीर बडोले, साहिल निकोसे, प्रज्वल बर्वे आदि का समावेश रहा।

कार्यक्रम के अंत में मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया और उपस्थित जनों के बीच मिठाई का वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।



# तहसीलदार के आदेश के बाद शूरू हुई पंचनामा की कार्रवाई

> बेमौसम बारिश से धान की फसल हुई बर्बाद

**भंडारा.**



पवनी तहसील में 26 और 27 मई को हुई मूसलाधार बारिश से फसलों को भारी नुकसान हुआ था। तहसीलदार महेंद्र सोनावणे पवनी ने आदेश दिया था कि गांव तलाठी, ग्राम सेवक और कृषि सहायक को बेमौसम बारिश और तूफान से हुई फसलों के नुकसान का पंचनामा तुरंत शुरू करें और इसे 30 मई तक कार्यालय में जमा करने का आदेश दिया था।

पंचनामा करने का आदेश आते ही सभी कर्मचारी काम में लग गए। कर्मचारी बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए अड्याल पहुंचे और प्रभावित किसानों के फसलों का पंचनामा शूरू किया।

जहां कुछ के खेतों में धान अंकुरित हो गया है, वहीं जमीन का दोस्त बन चुकी धान की फसल अभी भी दूसरों के खेतों में है। तहसील कृषि अधिकारी घोगरे ने भी किसानों से अपील की है कि वे भी धान की फसल का पंचनामा और निरीक्षण करने के लिए मौजूद अधिकारियों की मदद करें। किसानों ने सच्ची स्थिति दिखाई है कि बेमौसम बारिश के कारण किसानों के खेतों में धान की फसलें नष्ट हो गई हैं, अब उसी अनाज से हरी फसलें आई हैं।

कई किसानों ने अपनी जान जोखिम में डालकर थ्रेसिंग के लिए दोगुना या तिगुना पैसा खर्च किया है और किसान इस बात से परेशान हैं कि अड्याल में बेमौसम बारिश सिर्फ दो दिन ही नहीं बल्कि कई बार हुई है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

### लोगों ने बताइए अपनी दुर्दशा

कई प्रभावित किसानों ने पंचनामा और फसल निरीक्षण के लिए आए अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी दुर्दशा बताई और भयावह स्थिति दिखाई। कई किसानों ने खेतों में जमीन पर गिरे अनाज को काटने और थ्रेसिंग करने वाले किसानों के बारे में भी यहां अपने सवाल व्यक्त किए हैं। चूंकि अड्याल और आसपास के क्षेत्रों में फसल निरीक्षण के दिन केवल दो दिन हैं, इसलिए किसानों ने दिन बढ़ाने की भी मांग की है क्योंकि इन दो दिनों में पूर्ण निरीक्षण की कोई संभावना नहीं है।

# बुलढाणा जिले का पुलिस अधीक्षक कौन? कर्मचारियों और नागरिकों में असमंजस

> स्थानांतरित पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे ने संभाली कुर्सी!

**बुलढाणा.**



बुलढाणा जिले में आज सुबह से ही पुलिस प्रशासन में हुए घटनाक्रम के कारण हलचल मची हुई है। सरकारी आदेश के चलते बुलढाणा से स्थानांतरित किए गए पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे ने कैट कोर्ट का दरवाजा खटखटाकर स्थानांतरण आदेश पर स्थगन प्राप्त कर लिया और सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कुर्सी संभाल ली। दूसरी ओर स्थानांतरित किए गए नए पुलिस अधीक्षक नीलेश तांबे ने भी पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपना काम शुरू कर दिया है, जिससे पुलिस प्रशासन में भारी गहमागहमी मच गई है।

बुलढाणा जिले के पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे का 22 मई को तबादला कर दिया गया। उन्हें अमरावती में राज्य रिजर्व पुलिस बल का निदेशक नियुक्त किया गया तथा उनके स्थान पर नागपुर में अपराध जांच विभाग के नीलेश तांबे को बुलढाणा जिला अधीक्षक नियुक्त किया गया। नीलेश तांबे ने तुरंत बुलढाणा जिला पुलिस अधीक्षक का पदभार संभाल लिया, लेकिन तभी विश्व पानसरे ने कैट में जाकर, कार्यकाल पूरा होने से पहले ही उनका तबादला होने की शिकायत दर्ज कराई। कैट द्वारा तबादले का निर्णय 9 जून तक स्थगित कर दिया गया।

फिर आज सुबह 7:30 बजे विश्व पानसरे जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आए और कुर्सी संभाल ली। उसके बाद नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक नीलेश तांबे ने भी कार्यालय में प्रवेश किया। वह फिलहाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में बैठ रहे हैं। इस घटना से सब असमंजस में हैं। कर्मचारियों और नागरिकों के बीच भारी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है कि बुलढाणा जिले का पुलिस अधीक्षक कौन है? इस समय कोई भी मीडिया से बात करने को तैयार नहीं है। स्थानांतरित जिला पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे ने दो टूक शब्दों में कहा कि वे मेडिकल अवकाश पर थे और आज उपस्थित हुए।

# प्रतिबंधित विदेशी सिगरेटों की अवैध बिक्री पर बड़ी कार्रवाई, 1.49 लाख रुपये का माल जब्त

> स्थानीय अपराध शाखा वर्धा की त्वरित कार्रवाई, शहर में मची खलबली

**वर्धा.**



शहर में प्रतिबंधित विदेशी सिगरेटों की अवैध बिक्री करने वाले एक व्यवसायी के खिलाफ स्थानीय अपराध शाखा वर्धा ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वर्धा शहर के मेन रोड स्थित बढ़े चौक, गणेश मंदिर के सामने स्थित 'वैष्णवी ट्रेडर्स' नामक दुकान पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सिगरेट जब्त की।

दुकान के मालिक रितेश बंशीलाल शाहू (उम्र 50 वर्ष) के पास से कुल 1,49,000 रुपये मूल्य की विदेशी सिगरेट जब्त की गई।

तलाशी के दौरान पता चला कि जब्त की गई सभी सिगरेटों पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित कोई वैधानिक चेतावनी, निर्माण तिथि अथवा समाप्ति तिथि का उल्लेख नहीं था, जो कि सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के स्पष्ट उल्लंघन का मामला है।

पूछताछ में व्यापारी ने बताया कि उसने यह सिगरेट नागपुर के जगदीश किराना स्टोर्स से खरीदी थी। पुलिस ने रितेश शाहू के साथ-साथ जगदीश किराना स्टोर्स, नागपुर के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े, और स्थानीय अपराध शाखा के निरीक्षक विनोद चौधरी के मार्गदर्शन में की गई। टीम में राहुल इटेकर, मनोज धात्रक, अरविंद येनुरकर, चंद्रकांत बुरंगे, रवि पुरोहित, विनोद कापसे और राहुल लुटे शामिल थे।

इस कार्रवाई से शहर में हड़कंप मच गया है और अन्य अवैध कारोबारियों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि ऐसे अवैध कारोबार के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# वर्धा नदी के कापसी रेत घाट पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**हिंगनघाट.**



वर्धा जिले के हिंगनघाट स्थित अल्लीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत वर्धा नदी के कापसी रेत घाट पर अवैध रेत परिवहन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 लाख 10 हजार रुपए मूल्य का माल जब्त किया है।

गोपनीय सूचना के आधार पर अल्लीपुर पुलिस ने रविवार देर रात कापसी गांव के पास छापा मारा, जहां अवैध रूप से रेत खनन और परिवहन किया जा रहा था। इस कार्रवाई में पांच ट्रैक्टर, पांच ट्रॉली और उनमें भरी रेत जब्त की गई। इस मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालकों और मालिकों समेत कुल 10 आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 303(2), 62, 3(5) बीएनएस और धारा 3(1), 181, 130, 177 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई वर्धा के पुलिस अधीक्षक और पुलगांव के सहायक पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार की गई। कार्यवाही का नेतृत्व सपोनि प्रफुल्ल डाहुले के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मचारी अतुल लभाने, अजय रिठे, राहुल नव्हाते, अनुप नाईक, रवि वर्मा और अमलदार योगेश चंदनखेड़े शामिल थे। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रेत खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

प्रशासन ने संकेत दिया है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# जिले में बारिश का कहर, सैकड़ों एकड़ फसल हुई बर्बाद; किसानों को झटका

**यवतमाल.**



जिले में पिछले कुछ दिनों से बेमौसम बारिश ने कहर बरपाया है. मंगलवार को जिले में 39.70 मिमी. बारिश दर्ज की गई. 21 राजस्व मंडल भारी बारिश से प्रभावित हुए हैं इससे कृषि फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है और नागरिक भी प्रभावित हुए हैं.

यवतमाल तहसील के हिवरी में 68.25 मिमी, कोलंबी में 66 मिमी, दारव्हा तहसील में 100.25 मिमी, चिखली में 70.25 मिमी, मांगकिन्ही में 70.25 मिमी, लोही में 80.50 मिमी, बोरी में 70.25 मिमी, वणी तहसील में पठारपूर-सिंधीवाढोणा मार्ग पर विदर्भा नदी में बाढ आ गई.

लाइखेड़ में 69 मिमी, महागांव में 85.75 मिमी, आर्णी तहसील में 79.25 मिमी, जवला में 79.25 मिमी, बोरगाव 79.25, पुसद तहसील के शेंबालपिंपरी में 76.75, खंडाला 83.75, उमरखेड तहसील के मुलावा में 66.75, विडुल 81.25, मारेगांव तहसील जलका 65.35, झरी तहसीन के खडकडोह में 94.25, मुकुटबन 75.25, केलापुर तहसील के करंजी 65.35 और रालेगाव तहसील के वरध मंडल में 65.25 मिमी बारिश हुई.

भारी बारिश के कारण यवतमाल और केलापुर तहसील में पांच घर ढह गए. वणी, मारेगांव, रालेगांव और झरी में चार जानवरों की मौत हो गई. एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, जिसमें कहा गया है कि आर्णी तहसील के आठ गांवों में 180 हेक्टेयर और केलापुर तहसील के सात गांवों में 35 हेक्टेयर भूमि पर तिल, मूंगफली, मूंग और ज्वार की फसलें नष्ट हो गई है.

# तैराकी के दौरान हादसा: कुएं में डूबने से युवक की मौत

> यशोदा नदी के किनारे डिगडोह रोड की घटना, स्थानीयों में आक्रोश

**देवली.**



देवली नगर परिषद के टोंग परिवार के 16 वर्षीय रोशन राजू टोंग की तैराकी के दौरान डूबने से मौत हो गई। यह हादसा गुरुवार दोपहर यशोदा नदी के किनारे डिगडोह रोड पर स्थित एक बड़े कुएं में हुआ। रोशन अपने भाई और दो दोस्तों के साथ तैरने गया था।

जानकारी के अनुसार, मृतक रोशन राजू टोंग अपने बड़े भाई अक्षय टोंग (23), तुलसीराम पवार (18) और वैभव चव्हाण (15) के साथ कुएं में तैरने गया था। तैराकी के दौरान रोशन ने कुएं में छलांग लगाई, लेकिन वह गहराई में चला गया और पानी की सतह पर वापस नहीं आया।

साथी युवकों ने उसे आवाज़ लगाई और शोर मचाया, लेकिन रोशन का कोई पता नहीं चला। घटना की सूचना मिलते ही देवली पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से रोशन के शव को कुएं से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए वर्धा के शासकीय अस्पताल भेजा गया। अवैध व जानलेवा कुआं, अब तक ले चुका है कई जिंदगियां यह कुआं यशोदा नदी के किनारे स्थित है और अवैध रूप से तैराकी के लिए बनाया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कुएं की न तो कोई सुरक्षा व्यवस्था है और न ही किसी प्रकार की निगरानी। अब तक इस कुएं में 3 से 4 युवकों की मौत हो चुकी है।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस कुएं को बंद किया जाए या इस पर उचित सुरक्षा व्यवस्था की जाए। साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र के युवकों के तैराकी करने पर प्रतिबंध लगाने की भी अपील की गई है।

देवली पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# विधायक समीर मेघे ने किया दिव्यांगों को आर्थिक सहायता और महिला बचत समूहों को सिलाई मशीन वितरण

**वाडी.**




वाडी नगर परिषद कार्यालय में 30 मई को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हिंगणा विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर मेघे के हाथों दिव्यांग नागरिकों को विकास निधि और महिला बचत समूहों को सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। इसके साथ ही स्कूली छात्रों को स्केटिंग किट भी प्रदान की गई।

नगर परिषद द्वारा विकास की मुख्य धारा में दिव्यांगों को शामिल करने के उद्देश्य से कुल आय का 5 प्रतिशत, अर्थात् 14 लाख रुपये की राशि, पात्र दिव्यांग नागरिकों को समान रूप से वितरित की गई। वहीं 'प्लास्टिक मुक्त शहर' अभियान को गति देने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए पंजीकृत महिला बचत समूहों को कपड़े की थैलियां सिलने हेतु सिलाई मशीनें प्रदान की गईं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक समीर मेघे ने की। इस अवसर पर नगर परिषद की मुख्याधिकारी डॉ. ऋचा धाबर्डे, पूर्व उपनगराध्यक्ष नरेश चरडे, पूर्व सभापति सरिता यादव, कैलास मंथपुरवार, पूर्व नगरसेवक राकेश मिश्रा, दिनेश कोचे, आशिष नंदगवळी, शालिनी रागीट, प्रज्ञा वासनिक, भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद कदम, राजुताई भोले, शत्रुघ्न परिहार, उपमुख्याधिकारी गौरव गाडगे, कर अधिकारी दिनेश बुधे सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत लेखापरीक्षक अतुल सरदार द्वारा संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से की गई। इसके बाद मुख्याधिकारी डॉ. ऋचा धाबर्डे ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसी अवसर पर 'हर घर संविधान अभियान' का शुभारंभ और 'हिरकणी कक्ष' का उद्घाटन भी विधायक मेघे के हाथों संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ लिपिक योगेश जहागीरदार ने किया और आभार प्रदर्शन उपमुख्याधिकारी गौरव गाडगे ने किया। इस कार्यक्रम में लेखाधिकारी अमोल सोनसरे, अभियंता नितेश घोरमाडे, आकांक्षा पाटील, स्वच्छता अभियंता सुषमा भालेकर, सिद्धार्थ शार्दुल, विद्युत अभियंता सतीश जाधव, नंदन गेडाम, स्वच्छता निरीक्षक धनंजय गोतमारे, मुकेश महातो, संदीप तरडे, अभिजीत येडवे समेत नगर परिषद के सभी अधिकारी-कर्मचारी, शहर के प्रतिष्ठित नागरिक और महिला बचत समूहों की सदस्याएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

यह कार्यक्रम न सिर्फ समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा, बल्कि महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।

# रामनगर वार्ड में नालियों की सफाई को लेकर नगर परिषद की लापरवाही

**वर्धा.**

रामनगर वार्ड क्रमांक 11 के नागरिक इन दिनों गंभीर नागरिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। क्षेत्र में नगर परिषद की लापरवाही का आलम यह है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद नालियों की सफाई नहीं की गई। अंततः मजबूर होकर स्थानीय लोगों ने अपने खर्च पर खुद ही नालियों की सफाई का बीड़ा उठाया।बीते कुछ दिनों से हो रही बेमौसम बारिश ने स्थिति को और भी बदतर बना दिया है। नालियों में जमा गंदा पानी और कचरा अब सड़कों पर फैल गया है, जिससे पूरे इलाके में गंदगी का माहौल बन गया है। इसके चलते क्षेत्र में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं। बीमारियों का बढ़ता खतरा: गंदगी और जलजमाव के कारण मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो रही है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसे रोगों का खतरा मंडरा रहा है। वहीं दूषित पानी और भोजन के कारण टाइफाइड और हैजा जैसी बीमारियों का भी डर बना हुआ है। इसके अलावा त्वचा रोग, एलर्जी, सर्दी, खांसी और बुखार जैसी समस्याएं भी लोगों को परेशान कर रही हैं। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार नागरिकों के स्वास्थ्य पर इस गंदगी और मच्छरों का सीधा प्रभाव पड़ रहा है। क्षेत्र के नागरिकों में नगर परिषद की इस अनदेखी को लेकर गहरा आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों की मांग: स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ता राहुल मिश्रा ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में तुरंत नालियों की साफ-सफाई कराई जाए, नियमित रूप से तरल कीटनाशकों का छिड़काव किया जाए और नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी खतरों से बचाया जाए।

# विदर्भ के सबसे शानदार डायमंड ज्वैलरी ऑफर के अंतिम २ दिन

**नागपुर.**




शानदार और भव्यता के शानदार जश्न में, विदर्भ के सबसे भरोसेमंद और प्रतिष्ठित ज्वैलरी ब्रांड्स में से एक रोकड़े ज्वैलर्स ने अपना बहुप्रतीक्षित मौसमी अभियान – 'बड़ा है तो सुंदर है' लॉन्च किया है। 9 मई से 1 जून 2025 तक चलने वाला यह विशेष ऑफर पूरे क्षेत्र में हीरे के प्रेमियों के लिए बेजोड़ मूल्य लेकर आएगा। इस अभियान को "विदर्भ का सबसे बड़ा डायमंड ज्वेलरी ऑफर" के नाम से जाना जा रहा है, जिसमें डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर आकर्षक छूट दी जा रही है।

**इस विशेष अभियान के तहत :** 2.5 लाख तक के डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 100% की छूट
2.5 से 5 लाख तक के डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 125% की छूट
5 से 10 लाख तक के डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 150% की छूट
10 लाख और उससे ज़्यादा के डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 200% की छूट चाहे शादी हो, कोई खास अवसर हो या कोई खास तोहफा, ग्राहकों के लिए यह बेहतरीन मौका है कि वे अपने कलेक्शन को बेहतरीन डायमंड पीस के साथ बढ़ाएँ - और साथ ही अच्छी-खासी बचत भी करें। अभियान के शुभारंभ पर बोलते हुए, रोकड़े ज्वैलर्स के प्रबंधन ने कहा, "'बड़ा है तो सुंदर है' के साथ, हम न केवल सुंदरता बल्कि प्यार, उत्सव और मूल्य के पैमाने का जश्न मना रहे हैं। यह हमारे वफादार ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करने का हमारा तरीका है, जो वास्तव में कुछ शानदार पेशकश कर रहा है।" रोकड़े ज्वैलर्स सभी को आमंत्रित करता है कि वे इस असाधारण पेशकश का अनुभव करें।

रोकड़े ज्वैलर्स के बारे में: रोकड़े ज्वैलर्स विदर्भ के आभूषण उद्योग में एक अग्रणी और प्रसिद्ध नाम है। शुद्धता, शिल्प कौशल, परंपरा और आधुनिकता के असाधारण मिश्रण के साथ, रोकड़े ज्वैलर्स विदर्भ में सबसे पसंदीदा शोरूम बन गया है।

ग्राहकों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए और आभूषण डिजाइनों की एक बेहतरीन रेंज पेश करते हुए, रोकड़े ज्वैलर्स ने ग्राहकों के दिलों में एक स्थायी स्थान अर्जित किया है, जो इस क्षेत्र में सबसे बड़ा और सबसे प्रसिद्ध ब्रांड के रूप में उभरा है।

# प्रभाग क्रमांक 11 में हवाईकर परिवार की तैयारी

> नगरपालिका चुनाव में निभाएंगे जिम्मेदार नेतृत्व की भूमिका, जनसंपर्क में मजबूत पकड़

> मां-बेटा चुनाव मैदान में उतरने को तैयार

**हिंगनघाट.**



नगरपालिका चुनावों की सुगबुगाहट के बीच प्रभाग क्रमांक 11 से हवाईकर परिवार सक्रिय होता नजर आ रहा है। स्वर्गीय नारायण भाऊराव हवाईकर का परिवार वर्षों से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उनके पुत्र तुषार हवाईकर और पत्नी सीमा नारायण हवाईकर दोनों ही समाजसेवा में हमेशा सक्रिय रहे हैं और अब नगर निगम चुनाव में अपनी भागीदारी को लेकर पूरी तरह से तैयार दिखाई दे रहे हैं।

तुषार हवाईकर पिछले दस वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। वे भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के महामंत्री हैं और पार्टी कार्यों को निष्ठा व ईमानदारी से निभा रहे हैं। इसके साथ ही वे गाडगेबाबा उत्सव समिति के उपाध्यक्ष भी हैं।

वार्ड में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से वे नागरिकों की समस्याओं को हल करने में जुटे रहते हैं। उनकी माता सीमा नारायण हवाईकर भी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। गरीबों की सहायता करना और ज़रूरतमंदों तक मदद पहुंचाना उनका निरंतर चलने वाला कार्य है।

तुषार हवाईकर का कहना है कि यह सब उनकी माता के मार्गदर्शन में ही संभव हो पाया है। पूर्व वार्ड विभाजन में प्रभाग क्रमांक 11 को ओपन महिला वर्ग और ओबीसी पुरुष वर्ग के रूप में आरक्षित किया गया था। उसी समय सीमा हवाईकर ने चुनाव में उतरने की तैयारी दिखाते हुए अपनी उम्मीदवारी को लेकर सक्रियता दिखाई थी।

आने वाले नगर निगम चुनाव में, चाहे वार्ड महिला आरक्षित हो या पुरुष आरक्षित, हवाईकर परिवार से ही उम्मीदवार उतारे जाएंगे। यदि वार्ड महिला आरक्षित होता है तो सीमा हवाईकर उम्मीदवार होंगी और उनके साथ उनका बेटा तुषार भी पूरी ताकत से प्रचार अभियान में जुड़ेंगे। वहीं अगर पुरुष आरक्षण हुआ तो तुषार हवाईकर अपनी उम्मीदवारी दर्ज कराएंगे और इस दौरान उन्हें अपनी माता का आशीर्वाद और साथ दोनों मिलेगा।

प्रभाग क्रमांक 11 में एक प्रमुख समुदाय के साथ-साथ अन्य समुदायों का भी अच्छा प्रभाव है, और हवाईकर परिवार सभी वर्गों में अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। वर्षों से समाजसेवा में अग्रणी रहे इस परिवार को स्थानीय जनता का विश्वास प्राप्त है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सितंबर या अक्टूबर में नगर निगम चुनाव की संभावना जताई है। ऐसे में हवाईकर परिवार पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतरने के लिए तैयार है।

यदि प्रभाग क्रमांक 11 के नागरिक हवाईकर परिवार के इन उम्मीदवारों को अपना समर्थन देते हैं, तो वे वार्ड की प्राथमिक और महत्वपूर्ण समस्याओं का स्थायी समाधान करने का प्रयास करेंगे, साथ ही विकास कार्यों को प्राथमिकता देकर नागरिकों का विश्वास जीतेंगे।

# फर्जी खाद खरीद मामले में तीन पर मामला दर्ज

> मार्केट कमेटी सचिव गिरफ्तार; कंपनी मालिक, वितरक अभी भी फरार

**भंडारा.**



भंडारा जिले के लाखनी कृषि उपज मंडी समिति के कृषि केंद्र पर 129 मीट्रिक टन फर्जी खाद मिलने पर कृषि विभाग ने कार्रवाई की है. इसमें सचिव को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में कंपनी मालिक और वितरक अभी फरार चल रहे हैं। मामले में आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है।

लाखनी में कृषि उपज मंडी समिति के कृषि केंद्र पर ब्रह्मास्त्र नामक 129 मीट्रिक टन खाद बिक्री के लिए लाया गया था. 821 बैग किसानों को बेचे गए. कृषि विभाग की ओर से लाखनी कृषि उपज मंडी समिति के कृषि केंद्र पर निरीक्षण किया गया. इस स्थान पर ब्रह्मास्त्र नामक खाद पाई गई.

इस खाद के नमूने लेकर निरीक्षण के लिए भेजे गए. निरीक्षण रिपोर्ट में पता चला कि यह खाद सही गुणवत्ता की नहीं थी. गुणवत्ता अधिकारी विजय हुमने ने लाखनी पुलिस थाने में संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई. इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया. बताया गया कि यह कंपनी भावनगर, गुजरात की है. कंपनी मालिक, नागपुर के वितरक और कृषि केंद्र संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

कृषि उपज मंडी समिति के सचिव को गिरफ्तार किया गया है। कंपनी मालिक और वितरक को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस रवाना हो गई है। चूंकि यह कृषि केंद्र लाखनी के कृषि उपज मंडी समिति का है, इसलिए कृषि केंद्र का लाइसेंस सचिव के नाम पर था। इसलिए उसे गिरफ्तार किया गया है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या संचालक मंडल की अनुमति के बिना खाद का ऑर्डर दिया गया था।

अगर सचिव से आगे की जांच की जाए तो और भी आरोपियों के होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।




# मुंबई ने दूसरे क्वालिफायर में बनाई जगह

**मुल्लांपुर.**



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटन्स को 20 रनों से हरा दिया. 30 मई मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटन्स को जीत के लिए 229 रनों का टारगेट दिया था. जिसका पीछा करते हुए गुजरात टाइटन्स 6 विकेट पर 208 रन ही बना सकी.

इस जीत के साथ ही मुंबई इंडियंस क्वालिफायर-2 में पहुंच गई, जहां उसका मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा. वहीं गुजरात टाइटन्स टूर्नामेंट से आउट हो गई. क्वालिफायर-2 मुकाबला 1 जून को अहमदाबाद में खेला जाना है. टारगेट का पीछा करते हुए गुजरात की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में कप्तान शुभंमन गिल (1) का विकेट गंवा दिया. शुभमन तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ड की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए. इसके बाद साई सुदर्शन और कुसल मेंडिस ने 64 रनों की साझेदारी करके पारी को संभाला. कुसल मेंडिस 20 रन बनाकर मिचेल सेंटनर की बॉल पर हिटविकेट आउट हुए. यहां से साई सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर के बीच तीसरे विकेट के लिए 84 रनों की पार्टनरशिप हुई, जिसने गुजरात टाइटन्स को मैच में वापस ला खड़ा किया. सुंदर-सुदर्शन की पार्टनरशिप को जसप्रीत बुमराह ने तोड़ा. वॉशिंगटन सुंदर 48 रन बनाकर जसप्रीत बुमराह की गेंद पर बोल्ड हुए. सुंदर ने 24 गेंदों की पारी में 5 चौके और तीन छक्के लगाए. यहां से साई सुदर्शन पर बड़ी जिम्मेदारी थी, लेकिन वो तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन की गेंद पर बोल्ड हो गए. सुदर्शन ने 10 चौके और एक सिक्स की मदद से 49 गेंदों पर 80 रन बनाए. सुदर्शन के आउट होने के समय गुजरात का स्कोर 15.4 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 170 रन था. इम्पैक्ट सब के तौर पर उतरे शेरफेन रदरफोर्ड (24) ने कुछ बड़े शॉट्स खेले, लेकिन ट्रेंट बोल्ट ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर उन्हें पवेलियन लौटा दिया. यहां से गुजरात की जीत मुश्किल हो गई. मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए पांच विकेट पर 228 रन बनाए. मुंबई की शुरुआत काफी जबरदस्त रही.

जॉनी बेयरस्टो और रोहित शर्मा ने मिलकर पहले विकेट के लिए 84 रनों की पार्टनरशिप की. हालांकि इस पार्टनरशिप के दौरान रोहित शर्मा को दो जीवनदान भी मिले. पहले गेराल्ड कोएट्जी और फिर कुसल मेंडिस ने उनका कैच टपकाया. आर. साई किशोर ने जॉनी बेयरस्टो को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा. बेयरस्टो ने 4 चौके और तीन छक्के की मदद से 22 बॉल पर 47 रन बनाए. जॉनी बेयरस्टो के आउट होने के कुछ देर बाद रोहित शर्मा ने 28 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया.

# अहिल्याबाई होल्कर को उनकी जयंती पर शत-शत नमन



**नागपुर.**

रॉयल गोंडवाना पब्लिक स्कूल में पराक्रमी एवं आदरणीय अहिल्याबाई होल्कर की जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में नागपुर शहर भाजपा अध्यक्ष डॉ. दयाशंकर तिवारी एवं रजनीकांत बोंद्रे के साथ ही रॉयल गोंडवाना पब्लिक स्कूल के सचिव सूरज अय्यर भी उपस्थित थे। डॉ. दयानंद तिवारी ने विद्यार्थियों को अहिल्याबाई होल्कर की आत्मकथा से प्रेरित करते हुए उनके साहस, बुद्धिमत्ता, प्रशासनिक कौशल और राष्ट्र के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला। सूरज अय्यर ने अहिल्याबाई रानी के आचार-विचार एवं प्राकृतिक विरासत का विस्तार से वर्णन करते हुए उनके मूल्यों का अनुकरण करने के महत्व पर प्रकाश डाला। एसीआई के पूर्व अध्यक्ष रजनीकांत बोंद्रे ने डॉ. दयाशंकर तिवारी के विचारों को जोड़ते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के विचारों का देश एवं विश्व भर में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसी प्रकार कार्यक्रम में माननीय डॉ. प्रदीप बिप्ते (शिक्षक प्रकोष्ठ, भाजपा अध्यक्ष), महेश अंदारे (सचिव विवेकानंद सोसायटी बैंक), अमेय विश्वस्वरूप (महासचिव भाजपा युवा मोर्चा), बादल राउत (भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष), अमर धमरि (भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश सचिव) उपस्थित थे। रॉयल गोंडवाना पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. नंदलाल चौधरी ने उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

समारोह रॉयल गोंडवाना पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. तुषार चव्हाण के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। यह महोत्सव अहिल्याबाई होल्कर की चिरस्थायी विरासत और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने में उनकी प्रासंगिकता का प्रमाण था।

# दिग्रस पुलिस ने जब्त किया 27 किलो गांजा

## > साखरा गांव से एक आरोपी हिरासत में



**दिग्रस.**

गुप्त जानकारी के आधार पर दिग्रस पुलिस ने दिग्रस तहसील के साखरा गांव में छापा मारकर एक घर से 27 किलो गांजा जब्त किया. इस कार्रवाई में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है. इस कारवाई में प्लास्टिक की पांच बोरियों में 27 किलो प्रतिबंधित गांजा पाया गया. जब्त किए गए 27 किलो गांजे की कीमत 3 लाख 25 हजार रुपए आंकी गयी है. 28 मई 2025 को सामने आए इस प्रकरण में साखरा ग्राम निवासी गांजा तस्कर लक्ष्मण राजू चव्हाण को हिरासत में लेकर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है. उक्त कार्रवाई उपविभागीय पुलीस अधिकारी रजनीकांत चिलुमुला के मार्गदर्शन में थानेदार सेवानंद वानखडे, सहायक पुलीस निरीक्षक गोविंद पांडव, पीएसआई राजेश लाखकर सहित अन्य पुलिसकर्मीयों ने की.

# मुस्लिम समाज का सामूहिक विवाह संमेलन 1 जून को

**दिग्रस.**

आगामी 1 जून 2025 को स्थानीय अंजुमन उर्दू हाइस्कूल के मैदान पर इज्तेमाई शादियों (सामुहिक विवाह संमेलन) का आयोजन होने जा रहा है. बीते 18 सालों से अंजुमन फिदायाने मुस्तफा समिति व मुस्लिम समाज में उक्त आयोजन जारी है. इस वर्ष भी सामूहिक विवाह संमेलन में 18 जोड़ों का निकाह संपन्न होगा.

इस आयोजन से अब तक मुस्लिम समाज के सैकड़ों परिवारों को शादी के नाम पर होने वाले विभिन्न अनावश्यक खर्च से कर्ज लेकर शादियां कराने के चलन से छुटकारा मिला है.

इस साल भी 1 जून 2025 रविवार को शाम 7 बजे संपन्न होने जा रहे सामुहिक विवाह संमेलन में दूल्हा दुल्हन को पलंग , गादी,अलमारी , कुलर,कपडे, बर्तन, किचन सेट घरेलू वस्तुएं निःशुल्क रुप से भेंट स्वरुप प्रदान की जाएंगी. साथ ही शादी में शिरकत करने वाले दूल्हा दुल्हन के रिशेदारों, परिचितों सहित मेहमानों के खाने की व्यवस्था भी की गई है. इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अंजुमन फिदायाने मुस्तफा समिति के सभी पदाधिकारियों सहित कार्यकर्तागण प्रयासरत है.

# उत्थान नागरी सहकारी पत संस्था में साढ़े चार करोड़ का घोटाला

## >अध्यक्ष व 20 संचालकों पर मामला दर्ज

**नागपुर.**

इंदौरा स्थित उत्थान नागरी सहकारी पत संस्था में भारी वित्तीय अनियमितताओं का पर्दाफाश हुआ है। संस्था में साढ़े चार करोड़ रुपये का घोटाला सामने आने के बाद जरीपटका पुलिस ने संस्था के अध्यक्ष, संचालकों और एजेंट सहित 21 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मामला लेखा परीक्षक नारायण गाधेकर की शिकायत पर दर्ज किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि 2019 से 2023 के बीच संस्था के विभिन्न योजनाओं जैसे एफडी और बचत योजनाओं के अंतर्गत आम नागरिकों से करोड़ों रुपये जमा कराए गए थे, लेकिन वह राशि निवेशकों को वापस नहीं की गई। घोटाले में नामजद किए गए आरोपियों में संस्था के अध्यक्ष महेंद्र जनार्दन राऊत के साथ संचालक मंडल के रवींद्र धर्मदास मेश्राम, दुर्योधन सोनू डहारे, भगवान विठ्ठल नन्नावरे, छाया मयूर मेश्राम, संजय दशरथ गजघाटे, गौतम दौलत गेडाम, राजेश पुरुषोत्तम मांजरे, नरेश सोमकुंवर, प्रदीप मेश्राम, नरेंद्र नामदे शेंडे, अचल मनुराज रामटेके, मिलिंद लांजेवार, प्रमोद वासनिक, प्रवीण रामचंद्र मेश्राम, संजय माणिकराव जायस्वाल, संगीता संजय थुल, नंदीनी अजयकुमार गौतम, विरेशकुमार वरखेडे, मनोज भिमराव गजभिये और शशिकांत नारनवरे का समावेश है। जानकारी के अनुसार, संस्था के एजेंटों ने नागरिकों से निवेश के नाम पर भरोसा जीतकर बड़ी मात्रा में पैसे जमा किए। इन पैसों का उपयोग संस्था के हित में न करते हुए निजी लाभ के लिए किया गया।

# नागपुर में कार-टी सेल थेरेपी की सफलता

## > एचसीजी ने कैंसर के अत्याधुनिक इलाज में अग्रणी भूमिका निभाकर, ल्यूकेमिया के मरीज़ों को कार टी-सेल थेरेपी के ज़रिए नई ज़िंदगी दी

**नागपुर.**




'यह केवल एक चिकित्सकीय उपलब्धि नहीं है, यह एक वादा है. भारत के दिल में सबसे उन्नत कैंसर उपचार लाने का' एचसीजी कैंसर सेंटर, नागपुर की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, सुश्री नीता रजवार ने कहा। 'कार टी -सेल थेरेपी दुनिया के सबसे उन्नत कैंसर उपचारों में से एक है, और नागपुर में इसे सफलतापूर्वक लागू करना यह सुनिश्चित करता है कि यह नवाचार अब सिर्फ मेट्रो शहरों या विदेशी संस्थानों तक सीमित नहीं रहेगा।

हमने इसे नागपुर में ही सुलभ, प्रभावी और जीवन बदलने वाला बना दिया है।'एचसीजी कैंसर सेंटर, नागपुर ने चिकित्सा के इतिहास में एक मील का पत्थर स्थापित किया है। यह सेंट्रल इंडिया का पहला कॉरपोरेट अस्पताल बन गया है जिसने चीमेरिक एंटीजन रिसेप्टर (कार) टी-सेल थेरेपी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है—यह एक क्रांतिकारी इलाज है जो रोगी की खुद की प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय कर एक्यूट ल्यम्फोब्लास्टिक लेकिमिया (आल) जैसे रक्त कैंसर से लड़ने में सक्षम बनाता है।

**उम्मीद की परिभाषा बनते दो ऐतिहासिक मामले :** एचसीजी कैंसर सेंटर, नागपुर ने कार टी-सेल थेरेपी के माध्यम से दो एक्यूट लिंफोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (आल) मरीजों के जीवन में नया उजाला लाया है। यह थेरेपी ऐसे मरीजों के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है जो कीमोथेरेपी और रेडिएशन जैसे पारंपरिक उपचारों से लाभ नहीं पा सके थे।

पहली मरीज़, डॉ. कंचन दुबे (37), एक प्रैक्टिसिंग फिजीशियन हैं जिन्हें 2023 में आल का पता चला था। बार-बार कीमोथेरेपी के बाद भी बीमारी नहीं थमी, लेकिन डॉ. निशाद धकाटे की देखरेख में कार टी-सेल थेरेपी से उन्हें नया जीवन मिला। उन्होंने कहा, "मुझे एचसीजी की विशेषज्ञता और संवेदनशीलता ने नया जीवन दिया—एक मरीज, डॉक्टर और मां के रूप में।

" दूसरे मरीज़, प्रफुल गवांदे (25), ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं और हाई-रिस्क आल से पीड़ित थे। डॉ. रजत राजीव बजाज द्वारा दी गई कार टी-सेल थेरेपी ने उन्हें जीवनदान दिया। प्रफुल बोले, "हमने जीने की उम्मीद ही छोड़ दी थी। यह इलाज सिर्फ मेरी जान नहीं बचाई, बल्कि हमारे पूरे परिवार को फिर से जीने की वजह दी।" यह सफलता दर्शाती है कि अब अत्याधुनिक कैंसर इलाज सिर्फ मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं, बल्कि भारत के हर कोने तक पहुंच रहा है।

**कार टी-सेल थेरेपी क्या है ? :** कार (चीमेरिक एंटीजन रिसेप्टर) टी-सेल थेरेपी विश्व के सबसे उन्नत कैंसर उपचारों में से एक है। इसमें मरीज के टी-सेल्स (प्रतिरक्षा कोशिकाएं) को एकत्र कर प्रयोगशाला में अनुवांशिक रूप से संशोधित किया जाता है ताकि वे कैंसर कोशिकाओं को पहचान सकें और नष्ट कर सकें।

इसके बाद इन कोशिकाओं को वापस मरीज के शरीर में डाला जाता है। यह तरीका उन रक्त कैंसरों में बहुत प्रभावी साबित हुआ है जो पारंपरिक इलाज से ठीक नहीं होते। "हम कैंसर देखभाल के एक नए युग की शुरुआत देख रहे हैं," डॉ. निशाद धकाटे ने कहा। "इन दोनों मामलों में कार टी-सेल थेरेपी की सफलता यह दर्शाती है कि सही आधारभूत संरचना और विशेषज्ञता के साथ सबसे उन्नत इलाज भी क्षेत्रीय केंद्रों में दिया जा सकता है।"

डॉ. रजत बजाज ने जोड़ा, "प्रफुल का मामला हमें याद दिलाता है कि कैंसर का इलाज कभी भौगोलिक या सामाजिक सीमाओं में नहीं बंधा होना चाहिए। यह थेरेपी जो कभी साइंस फिक्शन जैसी लगती थी, आज नागपुर में ज़िंदगियां बचा रही है।"

**एचसीजी कैंसर सेंटर, नागपुर के बारे में :** एचसीजी कैंसर सेंटर, नागपुर, हेल्थकेयर ग्लोबल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एचसीजी)—भारत का सबसे बड़ा ऑन्कोलॉजी केंद्रित हेल्थकेयर समूह—का हिस्सा है। यह केंद्र अत्याधुनिक तकनीक, नवीनतम प्रयोगशालाओं, उन्नत रेडिएशन और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी इकाइयों और विशेषज्ञों की बहुविषयक टीम से सुसज्जित है। एनएबीएच द्वारा मान्यता प्राप्त यह सेंटर टियर 2 शहरों और उससे आगे तक विश्वस्तरीय कैंसर देखभाल पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार टी-सेल थेरेपी की शुरुआत के साथ, एचसीजी कैंसर सेंटर, नागपुर ने खुद को भारत के अग्रणी कैंसर उपचार केंद्रों की सूची में स्थापित कर लिया है, जहां मरीजों को भूगोल और पृष्ठभूमि से परे उम्मीद, उपचार और नवाचार मिल रहा है।

# आर.सी.ई.एस. का 2024-25 में लगातार 20वां शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम

**नागपुर.**



राकेश चांडक इंग्लिश स्कूल, महल, नागपुर ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में 100% उत्तीर्ण परिणाम हासिल किया है। यह लगातार 20वां वर्ष है जब स्कूल ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। इस वर्ष स्कूल के 4 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 14 छात्रों ने विशिष्ट श्रेणी में सफलता हासिल की है। इसके अलावा 12 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय की इस सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ-साथ स्कूल के अध्यक्ष मोहित शाह, सचिव एडवोकेट राजीव देव, उपाध्यक्ष विकास विंझाणी एवं अन्य एन.एस.एम. के सदस्यों को जाता है, जिनका निरंतर सहयोग विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। प्रधानाचार्या अपर्णा डे ने सभी विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।




# रनाला-भिलगांव अंडरपास रोड पर जल निकासी व्यवस्था की मांग

## >मंत्री बावनकुले को सरपंच पंकज साबरे ने प्रेषित किया ज्ञापन

**कामठी.**



भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा निर्मित रिंग रोड पर रनाला-भिलगांव अंडरपास का काम तत्काल पूरा करने और जल निकासी की व्यवस्था करने के संबंध में राजस्व मंत्री व पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को रनाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे ने उपरोक्त विषय के संदर्भ में उनके नाम एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। सरपंच पंकज साबरे ने ज्ञापन में शिकायत करते हुए कहा है कि एनएचएआई द्वारा निर्मित आउटर रिंग रोड रनाला-भिलगांव मुख्य मार्ग एमडीआर-40 के बीच से गुजरने के कारण इस सड़क पर एनएचएआई द्वारा एक अंडरपास बनाया गया है। यह अंडरपास का निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण बरसात के मौसम में इस अंडरपास रोड पर भारी मात्रा में पानी जमा हो जाता है।

इससे दोनों गांवों का आवागमन में संपर्क टूट जाता है। इस विषय पर आपके मार्फत भी संबंधित विभागों को बार-बार जानकारी देने के बावजूद इस पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है।

जबकि इस जगह पर पहले भी दो-तीन दुर्घटनाएँ हो चुकी हैं और इसके बाद किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर संभावना जताई जा रही है। इसकी पूरी जिम्मेदार एनएचएआई विभाग की रहेगी।

सरपंच पंकज साबरे ने चेतावनी देते हुए कहा है कि एनएचएआई विभाग द्वारा उपरोक्त विषय पर समाधानकारक कार्यान्वित नहीं किया जाता है और भविष्य में यदि किसी की जान जाती है तो ग्रामीणों द्वारा बड़े पैमाने पर रास्ता रोको आंदोलन किया जाएगा।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 158-4 | 235-0 |
| श्रीदेवी नाईट | 248-4 | 257-4 |